दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 30 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 303

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कच्ची दीवार ढही, दो बच्चों की मौत, कई घायल

**सुलतानपुर (आरएनएस)।** चांदा थानाक्षेत्र में कच्ची दीवार ढहने से दो बच्चों की दबने से मौत हो गयी है। क्षेत्र के "बड़ा केवटाना सोनावा गावँ में बीती रात हादसा हुआ है। बताया जाता है कि गांव का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने खबर को दबाने का भरसक प्रयास किया। हताहत होने वाले निषाद समाज के अन्य कई बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के अगले दिन सुबह करीब 11बजे एक राजपत्रतित अधिकारी ने निरीक्षण किया है। कच्चा मकान गिर जाने से दो बच्चों की मौत के बाद गांव में शोक पसरा है। पीड़ित परिवार लंबे समय से प्रधानमंत्री आवास की मांग कर रहा था।

### दीनानगर में 51.74 करोड़ की लागत से तैयार हुए रेलवे ओवर ब्रिज का सीएम मान ने किया उद्घाटन

**दीनानगर (आरएनएस)।** गुरदासपुर के दीनागर में आज मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 51.74 करोड़ की लागत से हुए रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया। इस मौके आप के मंत्री और विधायक समागम में मौजूद रहे। इस मौके सीएम मान ने कहा कि पहले खुशियों वाले समारोह पंजाब में होना ही बंद हो गए थे। नौकरियों देने वाले समागम होते हुए कभी सुने थे। वह अपने परिवारों तक सीमित हो गए थे। उन्होंने कहा कि हम दिन रात पंजाब की सेवा में लगे हुए हैं। कोई ऐसा मौका नहीं छोड़ रहे हैं कि पंजाब का फायदा न हो या पंजाब के हकों की लड़ाई हम न लड़े। चाहे सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े अपने हक लेकर रहेंगे। हम भीख नहीं मांगते, अपने हक मांगते है। उन्होंने लोगों को कहा कि आपका यहां आना इस बात का सबूत है कि आप विकास या सरकार की नीतियों को पसंद करते हो। पहले वाली सरकारें मेरा बेटा, उसका भतीजा उसका साला तक सीमित थी। हमारी सरकार ने अब तक 43000 लोगों को नौकरी दी है।

### किन्नौर में बादल फटने से मची तबाही, करोड़ों का नुकसान, लोगों के घर करवाए गए खाली

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश में किन्नौर के ज्ञाबुंग और रोपा पंचायत में नाले में बादल फटने से करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। रोपा पंचायत में ग्रामीण धर्म सिंह मेहता के दो कमरों का मकान बह गया, जबकि हरि सिंह का मकान पानी और मलबा से भर गया। जल शक्ति विभाग की चार सिंचाई नहरों को 57 लाख का नुकसान हुआ है। शिमला में भी दोपहर बाद बारिश हुई। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश में तीन अगस्त तक बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी किया है। ज्ञाबुंग और रोपा नाले में बादल फटने से मलबा लोगों के बगीचों में पहुंच गया, जिससे सैकड़ों सेब के पौधों और नकदी फसलों को नुकसान हुआ है। रोपा पंचायत की सिंचाई कूहल रिगेन को बाढ़ से नुकसान हुआ है। यहां जल शक्ति विभाग की करीब 60 मीटर कूहल में मलबा भर गया, जिससे विभाग को करीब दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीण परमानंद, नमज्ञाल नेगी, राजेंद्र कुमार, कुंगा तांनजेन के सैकड़ों सेब के पौधे, राजमाह, ओगला और फाफरा सहित अन्य नकदी फसलें भी तबाह हो गई हैं। ज्ञाबुंग नाले में पानी का स्तर बढने से होलियाती कूहल को क्षति पहुंची है। पानी के तेज बहाव के कारण इस कूहल का स्रोत टूट गया है, जिससे विभाग को करीब 25 लाख की क्षति पहुंची है। वहीं जांगती कूहल का भी स्रोत टूटने से विभाग को यहां 20 लाख की क्षति पहुंची है।

# सर्पदंश से दुनिया में सबसे ज्यादा 50,000 मौत भारत में : राजीव प्रताप रुडी

- रुडी ने कहा बिहार सबसे गरीब राज्य, जो गरीबी और प्राकृतिक आपदा दोनों को झेलता है
- गरीबी और इलाज के अभाव में सर्पदंश से सर्वाधिक मौत बिहार में
- बिहार की 76 प्रतिशत आबादी इससे पीड़ित
- देश में हर वर्ष 30 से 40 लाख लोग सर्पदंश के शिकार होते है

**नई दिल्ली | आरएनएस**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य राजीव प्रताप रूडी ने संसद में बिहार में हर साल सर्पदंश से 10 हजार से अधिक लोगों की मौत होती है इसका मामला उठाया है। राजीव प्रताप रूडी ही ने कहा कि नाग को देवता मानकर हम भारतवासी उनका पूजन करते है। उन्हीं के



वंशज कई सर्पों में देश-विदेश में विचरण कर रहे है। उनके दंश से आशीर्वाद तो नहीं मिल रहा, प्राणांत हो रहा है। सारण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि देश में हर साल करीब 50,000 लोग सांप के काटने से अपनी जान गंवाते हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण सांसद रुडी ने लोकसभा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए आगे कहा कि हर साल पूरे भारत में 30-40 लाख लोगों को सांप काटता है। रूडी ने सांप के काटने से होने वाली मौतों की भयावह दर पर जोर देते हुए कहा, नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार बिहार सबसे गरीब राज्य है, जो गरीबी और प्राकृतिक आपदाओं दोनों को झेलता है। दुनिया में सबसे अधिक बिहार में 76 प्रतिशत आबादी इससे पूरी तरह से प्रभावित है। पूरे भारत में 30 से 40 लाख लोगों को सांप काटता है और 50,000 लोग मरते हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कई मौतों को रोका जा सकता है, उन्होंने 28 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर सांप के काटने की घटनाओं पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की ओर इशारा किया। सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सांसद रुडी ने तामिलनाडु के इरुला समाज के लोगों का आभार भी व्यक्त किया और कहा कि तमिलनाडु का यह विशेष लोगों का समाज है एंटी स्नेक वेनम बनाता है। सर्पदंश पर देश में जो स्नेक वेनम पहुंचाया जाता है उसे इसी संस्था, ट्राइबल सोसाइटी है ने बनाया है। लेकिन हर क्षेत्र का जेनेटिक्स अलग होने के कारण ये वेणम सभी क्षेत्रों में प्रभावशाली नहीं होता है। सर्पदंश के कारण सबसे अधिक मरने वाले भारत और दुनिया में यदि किसी प्रांत में है तो वो बिहार में है, जहाँ 10 हजार से अधिक लोग सांप काटने से मारे जाते हैं। सांसद ने इसका कारण भी सदन को बताया। उन्होंने बताया कि गरीबी के कारण बिहार के लोग अपना समुचित इलाज और इससे बचाव नहीं कर पाते है जिस कारण सर्पदंश से सर्वाधिक मौत बिहार के लोगों की होती है। सांसद ने सदन के माध्यम से सवाल करते हुए कहा कि साँपों के सुरक्षा की जिम्मेवारी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के मंत्री भूपेंद्र यादव जी के पास है जबकि सर्पदंश के इलाज की जिम्मेवारी स्वास्थ्य विभाग के मंत्री जेपी नड्डा के पास है। लेकिन पूरे भारतवर्ष में साँप से बचाव के लिए प्रसारण के लिए कौन सा मंत्रालय है जो हमें सुरक्षित कर सकता है आपके माध्यम से यह मैं जानना चाहता हूँ। उन्होंने कहा कि यह विषय पर अपने आप में एक बड़ा समस्या उभर के आ रहा है जिस पर सरकार का ध्यानाकर्षण चाहूँगा।

## दो हिस्सों में बंटी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन, डिब्बों से अलग हुआ इंजन; बड़ा रेल हादसा टला

**समस्तीपुर | आरएनएस**



बिहार के समस्तीपुर में सोमवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया है। दरअसल, दरभंगा से नई दिल्ली जा रही बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

यह घटना समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के खुदीराम बोस पूसा रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर इंजन से डिब्बों को जोडऩे के कार्य में जुट गए। इस घटना के कारण ट्रेन यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि, रेलवे के अधिकारियों ने जल्द ही स्थिति को सामान्य कर दिया।

इस हादसे के बाद ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोको पायलट ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को रोक दिया और नजदीकी स्टेशन मास्टर को जानकारी दी। इसके बाद टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची और ट्रेन के टूटे हुए कपलिंग को ठीक कर आगे के लिए रवाना किया।

ट्रेन के अलग होने की खबर मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भी भीड़ लग गई। सोनपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि इंजन और डिब्बों को जोडऩे वाला कपलिंग के टूटने के कारण यह हादसा हुआ। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, ट्रेन को ठीक करके दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया है।

## मुरैना में कांवडिय़ों की ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत, हाईवे पर लगाया जाम

**मुरैना | आरएनएस**

मध्य प्रदेश के मुरैना में सोमवार को एक भीषण सडक़ हादसे में दो कांवडिय़ों की जान चली गई। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। जिसमें कांवड़िए सवार थे।

घटना मुरैना जिले के थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत देवरी घड़ियाल केंद्र के पास की है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार सभी कांवड़िए, मुरैना के सिहोंनिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सोमवार सुबह वह नेशनल हाईवे 44 से गुजर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी।



हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए और ट्रॉली में सवार दो कांवडिय़ों की मौत हो गई। जबकि 15 से अधिक कांवड़िए घायल हो गए।

घटना के बाद गुस्साए कावंडिय़ों ने हंगामा करते हुए सडक़ पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कांवडिय़ों को शांत कराने का प्रयास किया।

हालांकि, वह पुलिस के समझाने पर भी शांत नहीं हुए। इसके बाद पुलिस हंगामा कर रहे कांवडिय़ों को पुलिस वैन में बैठाकर अपने साथ ले गई।

पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके अलावा उन्होंने घायलों को थाना सिविल लाइन में स्थित जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, कांवड़िए भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए जा रहे थे।

## चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर लैंडस्लाइड, बोलेरो पर गिरी पहाड़ी; 1 की मौत-3 घायल

**शिमला | आरएनएस**

हिमाचल प्रदेश में चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे-5 पर बीती रात परवाणू में पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में पंजाब नंबर की एक बोलेरो कैंपर आ गई। इसमें सवार देवराज नाम के व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। घायलों का ईएसआई अस्पताल परवाणू में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।




जानकारी के अनुसार, पीबी 08,9686 नंबर की बोलेरो कैंपर गाड़ी अखबार लेकर बीती रात चंडीगढ़ से शिमला जा रही थी। रात करीब ढाई बजे परवाणू के आई लव हिमाचल पार्क के समीप पहाड़ी से अचानक लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में गाड़ी आ गई। गाड़ी में गंभीर रूप से घायल देवराज को परवाणू से पीजीआई रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। लैंडस्लाइड के बाद हाईवे सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद हो गया, जिसे सुबह 6 बजे बहाल कर दिया गया है।

प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी बीती रात को बारिश से तबाही हुई है। जगह जगह लैंडस्लाइड से 80 से ज्यादा सडक़ें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई। शिमला की मैहली-शोघी सडक़ पर भी लैंडस्लाइड से एक गाड़ी मलबे में दब गई। मौसम विभाग ने हिमाचल में 3 अगस्त तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। आज से तीन दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है जबकि एक अगस्त के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। ऑरेंज अलर्ट ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा और सिरमौर जिला को दिया गया है, जबकि आज बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, सिरमौर, सोलन और ऊना के कुछेक स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है।

## दिल्ली शराब नीति मामला : मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 अगस्त को

**नई दिल्ली | आरएनएस**

सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति और भ्रष्टाचार के मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पांच अगस्त तक कार्रवाई स्थगित कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली आप नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई पांच अगस्त तक स्थगित कर दी।



सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को एक अगस्त तक जवाब दाखिल करने का समय दिया। इस बीच, सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने जवाब दाखिल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई के जवाब को रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया। कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ 29 जुलाई को इस मामले में सुनवाई की। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर सीबीआई और ईडी को सिसोदिया की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था।

सिसोदिया के वकील ने तर्क दिया कि वरिष्ठ आप नेता 16 महीने से जेल में हैं और केस आगे नहीं बढ़ रहा है। अक्टूबर 2023 से जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 30 अक्टूबर को अपने फैसले में सिसोदिया को जमानत देने से इन्कार कर दिया था।

### दिल्ली शराब नीति मामला, अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने दायर की चार्जशीट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने कार्रवाई तेज कर दी है। कथित शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने सोमवार को राउज ऐवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी है। सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट ऐसे समय में दायर की है जब जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। केजरीवाल को पिछले महीने 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। उन्हें इसी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। आम आदमी पार्टी के प्रमुख को ईडी केस में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है। ईडी भी उनके खिलाफ चार्जशीट दायर कर चुकी है, जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसी ने उन्हें शराब घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता बताया है।

## हेमंत सोरेन की जमानत रद्द करने की ईडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज, हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**रांची | आरएनएस**

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत को निरस्त करने की मांग वाली ईडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है और इसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने ईडी की याचिका को निष्पादित कर दिया है।

बता दें कि हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने 28 जून को हेमंत सोरेन को कुछ शर्तों के साथ रेगुलर बेल दी थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यह पूरा मामला संभावनाओं पर आधारित है। इस केस में ईडी ने अब तक इस बात का कोई पक्का सबूत पेश नहीं किया है कि 8.86 एकड़ जमीन के कब्जे में हेमंत सोरेन की कोई सीधी भूमिका है। यह भी साबित नहीं होता कि इसकी आड़ में सोरेन ने कोई 'अपराध' किया है। एजेंसी ने हाईकोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए हेमंत सोरेन की जमानत रद्द करने की मांग की है।

हाई कोर्ट से जमानत के बाद हेमंत सोरेन 28 जून की शाम रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बाहर आए थे और इसके बाद सातवें दिन उन्होंने एक बार फिर सीएम पद की शपथ ली थी। इसके पहले ईडी ने उन्हें 31 जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था। वे पांच महीने जेल में रहे। गिरफ्तारी के साथ ही उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

## गढ़चिरौली में बारिश से बिगड़े हालात, गोसीखुर्द बांध से छोड़ा गया तीन लाख क्यूसेक पानी

**गढ़चिरौली | आरएनएस**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में बाढ़ के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। गढ़चिरौली में दिनभर हुई बारिश ने लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर फिर से बढऩे लगा है।



गढ़चिरौली में भारी बारिश के बाद बांधों से फिर पानी छोड़ा गया है। इसके चलते जिले की बड़ी नदियों में फिर से बाढ़ आ गई है, जिसके कारण जिले के कुल 40 रास्ते बंद हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि दोबारा जलस्तर बढऩे के बाद गढ़चिरौली की पांच तहसीलों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। इतना ही नहीं गढ़चिरौली को नागपुर से जोडऩे वाले रास्ते से भी रविवार देर रात संपर्क टूट गया।

इसके अलावा भामरागढ़ तहसील से बीते चार दिनों से संपर्क टूटा हुआ है। बताया जा रहा है कि गोसीखुर्द बांध से तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके कारण वैनगंगा-प्राणहिता नदी में बाढ़ की स्थित और भी भयावह हो गई है।

इस बीच गढ़चिरौली में बाढ़ से बिगड़ते हालातों को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में अलर्ट जारी किया है। साथ ही बाढ़ के मद्देनजर जिले में एनडीआरएफ और पुलिस की टीमों की तैनाती की गई है।

गढ़चिरौली जिले में बीते कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते यहां नदी और नाले उफान पर हैं। बाढ़ के कारण कई गांव डूब गए हैं, जिस वजह से स्थानीय लोग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे हुए हैं।

बता दें, पिछले दिनों एनडीआरएफ टीम ने गढ़चिरौली के कर्जेल्ली गांव में बाढ़ के पानी में फंसी एक गर्भवती महिला की जान बचाई थी। अतिदुर्गम स्थान पर मौजूद गांव को चारों ओर से बाढ़ के पानी ने घेर लिया था। बाढ़ के पानी में सोनी आत्राम नामक गर्भवती महिला फंस गई थी।

सोनी की इस स्थिति के बारे में गांव की आशा वर्कर ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना के आधार पर प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने नाव के सहारे महिला को गांव से बाहर सुरक्षित निकाला और नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाया।

## बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका, जातिगत आरक्षण पर हाईकोर्ट के फैसले पर रोक नहीं

**नई दिल्ली | आरएनएस**

बिहार में 65प्रतिशत आरक्षण मामले में नीतीश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीमकोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इससे पहले पटना हाईकोर्ट ने 20 जून को बिहार सरकार के 65प्रतिशत जाति आधारित आरक्षण देने के फैसले को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया था।



पटना हाईकोर्ट के फैसले को नीतीश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी लेकिन फिलहाल उसे कोई राहत नहीं मिली है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार की अपील को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया है। कोर्ट ने वकील मनीष कुमार को नोडल वकील नियुक्त किया है। कोर्ट इस मामले में अब सितंबर में सुनवाई करेगा। दरअसल बिहार सरकार ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण करने का कानून 9 नवंबर 2023 को पारित किया था। बिहार सरकार ने पिछले साल जातीय जनगणना कराई थी और उसके बाद इसी आधार पर ओबीसी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाकर 65 फ़ीसदी करने का फैसला किया था, जिसे पटना हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया था।

बिहार सरकार ने अपनी याचिका में हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की थी और कहा था कि अगर अंतरिम राहत नहीं मिलती है तो राज्य में बड़ी संख्या में भर्ती प्रक्रियाएं चल रही हैं, जिनमें से कुछ अग्रिम चरणों में हैं। इससे चयन प्रक्रिया पर असर पड़ेगा। याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट का यह निष्कर्ष कि जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व है। ये राज्य के विवेक का हनन है।